# उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम कर्मचारी राज्य बीमा निगम, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय में राजभाषा पखवाड़ा 2024 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित




**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

गुड़गांव, 2 अक्तूबर। उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम द्वारा राजभाषा पखवाड़ा-2024 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। राजभाषा विभाग,गृह मंत्रालय ,भारत सरकार द्वारा भारत मंडपम , नई दिल्ली में आयोजित हिंदी दिवस समारोह से आरम्भ हुए इस पखवाड़े का समापन अपना समस्त कार्यालयी कार्य हिंदी में करने के दृढ़ संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यालय अध्यक्ष श्री विकास कुंडल, निदेशक(प्रभारी) की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर सहायक निदेशक(रा.भा.) डॉ. स्वीटी यादव द्वारा गृह मंत्री के हिंदी संदेश का वाचन किया तथा दिनांक 14 सितंबर से 29 सितंबर के दौरान हुईं राजभाषा सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। पखवाड़े की गतिविधियों का आरम्भ उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम की ओर से सहायक निदेशक(रा.भा.) द्वारा भारत मंडपम में आयोजित हिंदी सम्मेलन में सहभागिता से हुआ।कार्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में हिंदी कार्यशाला, हिंदी संगोष्ठी , विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकारों के उपन्यास पर आधारित फ़िल्म तथा कविताओं आदि विभिन्न विधाओं को कांफ्रेंस रूम के बड़े पर्दे पर दिखाया जाना है। इसके साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा हीरक जयंती के अवसर पर राजभाषा विभाग द्वारा निर्मित फ़िल्म 'स्वतंत्र भारत की राजभाषा' बड़े पर्दे पर सभी कार्मिकों को दिखायी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंचदीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया उप निदेशक श्री सचिन सिंह द्वारा कार्यालय प्रमुख को प्लांट पॉट भेंट कर स्वागत किया गया तदुपरांत प्रभारी श्री विकास कुंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मग प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यालय प्रमुख श्री विकास कुंडल ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के महानिदेशक की अपील का वाचन किया।कार्यालय प्रमुख ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में सभी को अपना समस्त कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नियमों, अधिनियमों के साथ ही आज हिंदी को अपने अंतर्मन से अपनाने की आवश्यकता है। जिस भाषा में हमारा बचपन बीता, उसे अपनाने और प्रयोग करने में हमें गर्व होना चाहिए क्योंकि हिंदी महज़ भाषा नहीं है बल्कि माँ है जो हमको रचती है।

इस अवसर पर श्री सचिन सिंह - उप निदेशक, श्री रवींद्र कुमार-सहायक निदेशक, श्री दीपक शर्मा-उप निदेशक, एवं श्री राजेन्द्र प्रसाद-सहायक निदेशक ने भी अपने उदबोधन में सभी कार्मिकों को अपना शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन से सभी कार्मिकों में एक नयी ऊर्जा का संचार हुआ। यह पखवाड़ा पूरे वर्ष भर और अधिक ऊर्जा के साथ हिंदी में कार्य करने की प्रेरणा रहे,इसी संकल्प के साथ पखवाड़े का समापन किया गया।